| SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br><br>**I PUC Mock Question Paper** | **Course:** | I PUC |
|---|---|---|
| | **Subject:** | Hindi |
| | **Max. Marks:** | 100 |
| | **Duration:** | 3:15 |

**सूचना: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**
**(ii) प्रश्नों को क्रमांक संख्या के अनुसार लिखना आवश्यक है।**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 1 x 6 = 6**

१) बडे घर की बेटी कहानी के लेखक कौन है?
२) नवयुवकों को किसकी तरह सहनशील होना चाहिए?
३) निंदा का उद्गम किससे होता है?
४) महादेवी वर्मा को किसकी पत्तियाँ चुभ रही थी?
५) डॉ बी.आर अंबेडकर का जन्म कब हुआ ?
६) किनके सम्मिलन से राष्ट्र का स्वरुप बनता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9**

७) आनंदी बिगड़ता हुआ काम कैसे बना लेती है?
८) शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी क्या कहते है ?
९) निंदा की महिमा का वर्णन कीजिए ।
१०) महादेवी वर्मा को पंडिताइन चाची का कौन–सा रूप आकर्षित करता था ।
११) थर्ड डिवीजनरों की व्यथा को प्रकट कीजिए ।

**IIअ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? 1 x 4 = 4**

१२) अब मेरा मुँह नहीं देखना चाहते, इसलिए अब मैं जाता हूँ ।
१३) 'तुम कभी तारा न बनना, चाहे भगवान कितना ही चमकीला तारा बना वे'।
१४) 'अरे बिच्छू–बिच्छू ।'
१५) 'आपके उम्मीदवार किस डिविजन में पास है'?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 3 x 2 = 6**

१६) बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती है । बिगड़ता हुआ काम बना लेती है ।
१७) 'यह याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो' ।
१८) जम कैसे सकता था हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया ।
१९) किसे मिले मास्टरी चाँस, थर्ड डिवीजन मेट्रिक पास ।

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 1 x 6 = 6**

२०) किसके प्रताप से सब दुःख दर्द मिटते हैं?
२१) किसका घमंड नहीं करना चाहिए ।
२२) सीता की सखियाँ कौन है?
२३) नारी किसके समान सहनशील होती है?
२४) वीर काँटों को क्या समझता है?
२५) 'तुम आओ मन के मुग्ध मीत' कविता के कवि कौन हैं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 2 = 6**

२६) गुरु की महिमा के बारे में कबीर क्या कहते हैं?
२७) इलाहाबाद के पथ पर पत्थर तोडनेवाली स्त्री का चित्रण कीजिए ।
२८) 'प्रतिभा का मूल बिन्दु' कविता का भाव संक्षेप में लिखिए ।
२९) कवि अपने मित्र की जुदाई से कैसे व्याकुल हो रहा है? ।

**इ) संदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 4 x 2 = 8**

३०) काम, क्रोध, मद लोभकी, जौ लौं मन में खान
तौं लौ पंडित मूरखौ, तुलसी एक समान

**अथवा**

ज्ञान से अज्ञान दूर होता है
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है,
पारस से लोहत्व दूर होता है,
आपके शरणों के अनुभाव से
मेरा भव छूट गया, कूडलसंगम देवा ।

३१) मंजिल सदा उसी को मिलती
धीर–वीर जो बढ़ता जाता ।
काँटों को भी फूल समझता,
विपदाओं से हाथ मिलाता ।
कायर तो घबराते वे ही,
वीर न करते कभी बहाना ।

**अथवा**

नारी अबला नहीं बल्कि यह नारी रणचंडी भी है,
कृत्या है यह दुर्दम दैत्य नाशिनी दुर्गा माँ भी है ।
शक्ति और शिवानी है यह और कात्यायिनी भी है ।
दैत्यों के शोणित को पीने वाली महाकाली भी है ।

IV **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1 x 6 = 6**

३२) शराबी के हाथ में कितने रूपए थे ?
३३) श्मशान मनुष्य से प्यार के बदले क्या पाता है ?
३४) दरवाजा लॉक करते समय चंद्रप्रकाश ने किसका जोड़ा देखा ?
३५) मालती ने किस मुहल्ले के कुँए से पानी निकालकर पिया था ?
३६) सिलिया किस दौड़ में प्रथम आयी थी ?
३७) प्रूफरीडरी का काम कौन सीख रहा था ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

३८) शराबी को बच्चा कहाँ मिला ? वह उसे अपने साथ क्यों लाया ?
३९) मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट कीजिए ?
४०) समधी अंदर से थाल में क्या क्या लेकर आए ?
४१) दिल्ली में शीत लहर के, प्रकोप का वर्णन कीजिए ।
४२) हेमलता की मौसी ने सिलिया के साथ कैसा बर्ताव किया ?
४३) सिद्धेश्वरी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

V **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **1 x 5 = 5**

४४) क) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है ।
ख) ग्यारहवी शताब्दी का बात है ।
ग) हिन्दी शिक्षा का माध्यम बन चुका है ।
घ) उसने परीक्षा दिया ।
ङ) मुझे तो घास का पत्तियाँ भी चुभ रहा था ।

**आ) कोष्ठक में दिये गये उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **1 x 5 = 5**

**(से, के, की, के लिए)**

४५ (i) उसने देश---------अपनी कुर्बानी दे दी ।
(ii) वहाँ लोगों ------भीड़ है ।
(iii) युवक-----कपड़े फट गाए ।
(iv) स्त्रियों में यह रोग पुरूषों------अपेक्षा काफी कम संख्या में पाया जाता है ।
(v) उसे पद-----हटा दिया गया ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरो को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए :** **1 x 4 = 4**

४६.(i) कलम तोडना अ) अडचन डालना ।
(ii) घर बसाना आ) मर जाना
(iii) चल बसना इ) विवाह करना
(iv) टाँग अडाना ई) बढ़िया लिखना

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 1 x 3 = 3**

४७.(i) माताजी मंदिर गयी थी । (वर्तमान काल में बदलिए)
(ii) माला गाना गा रही है । (भविष्यत काल में बदलिए)
(iii) मोहन हमेशा याद रखता है । (भूतकाल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रुप लिखिए : 1 x 2 = 2**

४८. शिष्या, पाठक

**ऊ) अन्य वचन रुप लिखिए : 1 x 2 = 2**

४९. माता, पुस्तक

**ए) समनार्थक शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2**

५०. मनुष्य, नवीन

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए : 1 x 2 = 2**

५१. अंधकार, विष

VI **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 1 x 5 = 5**

५२. धन का व्यय विलास में करने से केवल क्षणिक आनंद की प्राप्ति होती है । यह धन का दुरुपयोग है । असली बात यह है कि धन का सदुपयोग सुख और शांति देता है । धन के द्वारा जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य हो सकता है, वह है परोपकार । भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगियों को दवा, अनाथों को घर–द्वार, लंगड़ों और अन्य अपाहिजों के लिए आराम के साधन, छात्रों के लिए पाठशालाएँ इत्यादि वस्तुएँ धन के द्वारा जुटाई जा सकती है । धन रहने के कारण एक आमीर आदमी को लोगों की भलाई करने के अनेक अवसर प्राप्त होते है, जो कि एक गरीब आदमी को उपलब्ध नहीं है, चाहे वह कितना भी इच्छुक क्यों न हो । पर संसार में ऎसे अमीर आदमी बहुत ही कम हैं, जो अपना भोग विलास त्यागकर अपने धन को परोपकार में लगाते हैं ।

**प्रश्नः**

१) धन का व्यय विलास में करने से क्या प्राप्त होता है?
२) धन का सदुपयोग क्या देता है?
३) धन रहने से एक अमीर आदमी को क्या करने का अवसर मिलता है?
४) संसार में किस तरह के अमीर आदमी कम है ?
५) उपरोक्त अनुच्छेद को एक उचित शीर्षक दीजिए ?

**आ) अपने मित्र को एक पत्र लिखे, जिसमें यह बताऎ कि आपने पिछली गरमी की छुट्टि कैसे बिताए ।**

**अथवा**

**दो दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए । 5 x 1 = 5**

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 x 5 = 5**

५४.क) Holidays are a break from routine.
ख) Babar Ali must be the youngest head master in the world.
ग) When I heard this story, I was speechless.
घ) I am now narrating an experience which I had.
ङ) Money was highly valued by them.

******